THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. ABRAR AHMED): (a) and (b) Some employees of Ellaquai Dehati Bank (EDB) who migrated from Kashmir Valley have been re-deployed temporarily in different Regional Rural Banks (RRBs) situated in the States of Haryana, Himachal Pradesh, Uttar Pradesh, Rajasthan, Madhya Pradesh etc. and are getting their salary from such RRBs. Ellaquai Dehati Bank has been advised to forward relevant service books and leave records of the employees concerned to the RRBs to which they have been re-deployed to enable these RRBs to take necessary action to comply with administrative formalities, including granting of leave, increment, etc.

मध्य प्रदेश में सामान्य भविष्य निधि की राशि के अन्तिम भुगतान के लम्बित मामले

1961. **श्री दिलीप सिंह जुदेव :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में महालेखाकार के कार्यालयों में 30 जून, 1993 तक पेंशन निर्धारण और सामान्य भविष्य निधि के अन्तिम भुगतान के कितने मामले अन्तिम रूप से निपटाये जाने के लिए लम्बित हैं;

(ख) 1992-93 के दौरान ऐसे कितने मामलों को अन्तिम रूप से निपटा दिया गया है और कितने मामलों को आंशिक रूप से निपटाया गया है;

(ग) उक्त तिथि तक सरकारी कर्मचारियों के इस सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा नहीं की जा सकी राशि का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(घ) भुगतान एवं जमा करने के लिए लम्बित मामलों को शीघ्र निपटाने के लिए की जा रही कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा यथा सम्भव शीघ्र सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

मध्य प्रदेश के अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही

1962. **श्री दिलीप सिंह जुदेव :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में वित्त विभाग द्वारा कराये गये विशेष लेखा परीक्षणों के कितने मामले कार्यवाही के लिए 30 जून 1993 तक लम्बित है ;

(ख) ये मामले कब से लम्बित हैं और इनमें कितना धन अन्तर्ग्रस्त है;

(ग) उक्त मामलों में किन-किन विभागों से कार्यवाही करने की अपेक्षा है और समय पर कार्यवाही न करने के लिए किन्हें जिम्मेदार पाया गया है; और

(घ) भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०वी० चन्द्रशेखर मूर्ति): (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा यथासम्भव शीघ्र सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

गुजरात स्थित राष्ट्रीयकृत बैंकों में धोखाधड़ी के मामले

1963. **श्री रामसिंह राठवा:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1991-92 और 1992-93 के वर्षों के दौरान गुजरात स्थित राष्ट्रीयकृत बैंकों में धोखाधड़ी गबन लूटपाट और जमाकर्ताओं के खातों की राशियों के दुर्विनियोजन के कितने मामले हुए हैं और इनमें से प्रत्येक बैंक को वर्ष-वार कुल कितना घाटा उठाना पड़ा;